महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग में दिनांक 14.09.2024 को वरिष्ठ विधार्थियो द्वारा कनिष्ठ विधार्थियो के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। विभागाध्यक्ष प्रो सेवा सिंह दहिया ने पार्टी का शुभारम्भ करते हुए विधार्थियो को अनुशासित रहने तथा उनके शैक्षिणिक जीवन के इस पड़ाव की महत्ता के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के उपलक्ष में वोट का उपयोग करने की सपथ दिलाई । कार्यक्रम में विधार्थियो ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा अपने टेलेंट का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ विधार्थियो ने विभाग में कनिष्ठ विधार्थियो को शुभकामनाएँ दी व उनका स्वागत किया । फ्रेशर पार्टी में यू जी चतुर्थ वर्षीय कोर्स के प्रथम सेमेस्टर से मिस्टर फ्रेशर पंकज , मिस फ्रेशर शगुन , मि. पर्सनलिटी आदित्य, मिस पर्सनलिटी रितिका, तथा एम ए दो वर्षीय कोर्स प्रथम सेमेस्टर से मिस्टर फ्रेशर आदित्य, मिस फ्रेशर तन्नु , मिस्टर पर्सनेलिटी कमाल, मिस पर्सनलिटी संजोली को चुना गया। इस अवसर पर प्राध्यापक प्रो सतबीर सिंह चाहर, डॉ राजेश कुण्डू, डॉ जगबीर नरवाल, डॉ सुमन लता, डा. समुंदर सिंह सहित शोधार्थी मनीषा, पूजा गोयल व पूजा रानी, मोहित दहिया, दीपांशु, दिनेश, अमित उपस्थित थे।